पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने जनपद कासगंज आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषण अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया

——————

लखनऊ 01 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद कासगंज के बहादुर नगर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित धात्री एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई तथा शिशुओं का अनुप्राशन किया। आंगनबाड़ी केन्द्र पर उन्होंने आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनबाड़ी गांव के समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी रहती है इसलिए उसे गाँव में गर्भवती और धात्री महिलाओं को उचित पोषण के प्रति जागरूक करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने जन–आन्दोलन ओर जन भागीदारी से देश से कुपोषण मिटाने के लिए पोषण अभियान प्रारम्भ किया। प्रतिवर्ष 01 से 07 सितम्बर तक पोषण सप्ताह तथा 01 से 30 सितम्बर तक पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि लोग संतुलित आहार के प्रति जागरूक हों। उन्होंने अपने सम्बोधन में जननी महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गोद भराई जैसे कार्यक्रमों का प्रारम्भ करके उन्हे उचित पोषण से जोड़ने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जन्म से 06 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं में कुपोषण कम करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। राज्यपाल जी ने कहा कि बालिकाओं को सम्पूर्ण पोषण मिलना चाहिए जिससे वे स्वयं भी स्वस्थ रह सकें और भविष्य में स्वस्थ बच्चों को जन्म देने में समर्थ हो सकें।

कासगंज भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने जनपद में लहरा रोड सोरो स्थित कुष्ठ आश्रम जाकर आवासित रोगियों का हाल–चाल लिया तथा आश्रम में रोगियों के लिये एल.ई.डी सोलर लाईट, चादर, कम्बल एवं फल वितरित किये।

राज्यपाल जी ने कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों, शिक्षा तथा जनपद के क्षय रोग ग्रस्त बच्चों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने जनपद में वरिष्ठ लोगो से क्षय रोग ग्रस्त बच्चों के उचित पोषण और देख–रेख हेतु गोद लेने की अपील की। जिससे वे समुचित स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। राज्यपाल जी ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगायी गयी "एक जनपद एक उत्पाद योजना" के तहत जनपद कासगंज में निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन

किया तथा लाभार्थियों को टूल–किट वितरित किये। इस अवसर पर कासगंज के जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, विधायक देवेन्द्र सिंह राजपूत, स्थानीय जन प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी, जिले के समस्त वरिष्ठ अधिकारी, प्रगतिशील किसान तथा क्षय रोग से स्वस्थ हुए बच्चे तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

––––––

(राजभवन 23/01)